मैनेजमेंट कॉन्क्लेव २०२५

एआइ एक तकनीक ही नहीं, बल्कि एक विचार भी है : निश्चल खोराना

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

आइआइएम रांची में चल रहे तीन दिवसीय मैनेजमेंट कॉन्क्लेव 2025 का समापन हुआ. देश-विदेश के उद्योग व प्रबंधक विशेषज्ञ शामिल हुए. विशेषज्ञों ने वर्तमान परिदृश्य में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, डेटा एनालिटिक्स, नेतृत्व कौशल पर अपने विचार रखे. संस्थान के निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि कक्षा में पढ़ाये गये सिद्धांत और अनुभवी विशेषज्ञों के दृष्टिकोण से खुद में नवाचार को जन्म देना जरूरी है. मुख्य अतिथि सह वक्ता एसोसिएट पार्टनर ग्लोबल सह मैनेजिंग डायरेक्टर साउथ एशिया, फ्रॉस्ट एंड सुलिवन निश्चल खोराना ने एआइ ट्रेंड्स और आइसीटी इंडस्ट्री में उभरते अवसरों पर अपनी बातें रखी. उन्होंने कहा कि एआइ आज के दौर की उभरती शक्ति है, जो आज मुख्यधारा का हिस्सा बन चुकी है. एआइ के विकास से नौकरियां खत्म नहीं होगी, बल्कि व्यक्ति को तकनीकी दक्षताओं और ज्ञान को लगातार बढ़ावा देना होगा.

आइआइएम में आयोजित मैनेजमेंट कॉन्क्लेव में शामिल अतिथि.

दबाव में नेतृत्व कौशल से काम को सरल बनायें

सीनियर डायरेक्टर डेटा एनालिटिक्स, टारगेट प्रीतम भारद्वाज ने कहा कि डेटा मूल्य निर्धारण, सप्लाई चेन और ग्राहक अनुभव में निर्णायक भूमिका अदा करता है. वाइस प्रेसिडेंट सह हेड पीपल इंडिया, अलायंसबर्नस्टीन देबांश रॉय ने दबाव की स्थिति में नेतृत्व कौशल से काम को सरल बनाने की बात कही. इंडस्ट्री मैनेजर स्ट्रिमिंग, गेमिंग एंड टेक्नोलरॅजी, स्नैपचैट अभिषेक झा ने कहा कि दबाव की परिस्थिति में व्यक्ति सूझ-बूझ के साथ निर्णय नहीं ले सकता, ऐसे में अपनी रुचि और क्षमता पर विश्वास कर नये प्रयोग करें. पैनल चर्चा में वरीय प्रबंधक पेप्सिको वम्शी कुमार, प्रबंधक प्रोडक्ट मार्केटिंग हेल्थ क्लाउड सेल्सफोर्स रोक्कम, वाइस प्रेसिडेंट स्ट्रैटेजी टीबीओ डॉट कॉम निपुण बंसल शामिल हुए. इसमें ब्रिलियो की ग्लोबल हेड टीए ऑपरेशंस ऋतु शर्मा, हेड-एचआर स्ट्रैटेजी मदरसन ग्रुप देबज्योति भट्टाचार्य, जेनरल मैनेजर कॉर्पोरेट स्ट्रैटेजी टाइम्स इंटरनेट संकल्प रघुवंशी आदि उपस्थित थे.

Prabhat Khabar_27.07.2025_P.8

आईआईएमः कॉन्क्लेव में एआई ट्रेंड्स पर चर्चा

रांची | आईआईएम रांची में चल रहे 3 दिवसीय मैनेजमेंट कॉन्क्लेव का समापन शनिवार को हुआ। विशेषज्ञों ने वर्तमान परिदृश्य में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, डेटा एनालिटिक्स, नेतृत्व कौशल पर अपने अनुभव साझा किए। साथ ही तकनीकी बदलाव के साथ कार्यस्थल के बदलते स्वरूप में ढलने और मौजूदा परिस्थिति की चुनौतियों का सामना करने के लिए जरूरी कौशल को बढ़ाने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि सह वक्ता फ्रॉस्ट एंड सुलिवन एसोसिएट पार्टनर ग्लोबल सह मैनेजिंग डायरेक्टर निश्चल खोराना ने एआई ट्रेंड्स और आईसीटी इंडस्ट्री में उभरते अवसरों पर अपनी बातें रखीं। सम्मेलन के दौरान सीनियर डायरेक्टर डेटा एनालिटिक्स, टारगेट प्रीतम भारद्वाज ने रिटेल इंडस्ट्री में डेटा के व्यावहारिक इस्तेमाल की जानकारी दी। अलायंसबर्नस्टीन के वाइस प्रेसिडेंट सह हेड पीपल इंडिया देबांश रॉय, ब्रिलियो की ग्लोबल हेड टीए ऑपरेशंस ऋतु शर्मा मौजूद रहे।

Dainik Bhaskar_27.07.2025_P.4

स्वदेशी ज्ञान परंपरा से सीख लेकर उनमें प्रबंधन कुशलता को बढ़ावा देने की जरूरत : प्रो. श्रीवास्तव

आईआईएम में चल रहे तीन दिवसीय मैनेजमेंट कॉन्क्लेव का समापन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची। आईआईएम, रांची में चल रहे तीन दिवसीय मैनेजमेंट कॉन्क्लेव 2025 का समापन हुआ। कार्यक्रम में देश-विदेश के उद्योग व प्रबंधक विशेषज्ञों ने अपनी उपस्थित दर्ज की। विशेषज्ञों ने वर्तमान परिदृश्य में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, डेटा एनालिटिक्स, नेतृत्वकौशल पर अपने अनुभव और विचार दिये। साथ ही तकनीकी बदलाव के साथ कार्यस्थल के बदलते स्वरूप में ढलने और मौजूदा परिस्थिति की चुनौतियों का सामना करने के लिए जरूरी कौशल को बढ़ाने की प्रेरणा दी। संस्थान के निदेशक प्रो. दीपक श्रीवास्तव ने प्रबंधन सम्मेलन के महत्व को रेखांकित किया। कहा कि वैश्विक चुनौतियों से अवगत करने के लिए इस तरह के आयोजन जरूरी है। कक्षा में पढ़ाये गये सिद्धांत और अनुभवी विशेषज्ञों के दृष्टिकोण से खुद में नवाचार को जन्म देना जरूरी है। उन्होंने भारत की स्वदेशी ज्ञान परंपरा और आदिवासियों की सामुदायिक जीवनशैली से संसाधनों एवं आजीविका के लिए तलाशे गये रास्तों से सीख लेने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि सह वक्ता निश्चल खोराना (एसोसिएट पार्टनर -ग्लोबल सह मैनेजिंग डायरेक्टर -साउथ एशिया, फ्रॉस्ट एंड सुलिवन) ने एआई ट्रेंड्स और आईसीटी इंडस्ट्री में उभरते अवसरों पर अपनी बातें रखी। कहा कि अनुभव और विचारों से नयी सोच विकसित होती है। एआई आज के दौर की उभरती हुई शक्ति है, जो आज मुख्यधारा का हिस्सा बन चुकी है।